अमर उजाला 21/02/2026

रचनात्मक लेखन स्पर्धा में डिंपल ने मारी बाजी

अंबाला छावनी के जीएमएन कॉलेज में प्रतियोगिता के दौरान मौजूद प्रतिभागी। प्रवक्ता

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। जीएमएन कॉलेज में रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता अंग्रेजी व लिटरेरी क्लब की ओर से हिंदी, पंजाबी और संस्कृत विभागों के सहयोग से की गई, इसमें विद्यार्थियों ने कहानी व कविता के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में डिंपल ने प्रथम, मुस्कान ने द्वितीय और सिमरन कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि रीतिक को सांत्वना पुरस्कार मिला। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विजेताओं को सम्मानित किया।